राज्यपाल सचिवालय, बिहार
राजभवन, पटना–800022
प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल–सह–कुलाधिपति ने आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के लिए नये कुलपति की नियुक्ति की

पटना, 20 सितम्बर 2017

महामहिम राज्यपाल–सह–कुलाधिपति श्री केशरी नाथ त्रिपाठी ने 'आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय अधिनियम, 2008' की सुसंगत धारा में अंतर्निहित अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के लिए नये कुलपति की आज नियुक्ति कर दी है।

कुलाधिपति श्री त्रिपाठी ने 'सर्च कमिटी' की अनुशंसा के आलोक में पैनल में उल्लिखित व्यक्तियों के संबंध में राज्य सरकार के साथ प्रभावकारी एवं सार्थक मंत्रणा के उपरान्त, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के लिए **प्रो॰ अरूण कुमार अग्रवाल, प्रोफेसर एवं हेड ऑफ डिपार्टमेंट, न्यूरो सर्जरी, पी॰एम॰सी॰एच॰ पटना** को नया कुलपति नियुक्त किया है।

नव–नियुक्त कुलपति का कार्यकाल उनके प्रभार–ग्रहण की तिथि से प्रारंभ होकर तीन वर्षों का होगा।

....